दैनिक जागरण नई दिल्ली, 2 जून 2019

एक्वा लाइन पर पीक ऑवर में अब साढ़े सात मिनट पर मेट्रो

जागरण संवाददाता, नोएडा : नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) प्रशासन ने एक्वा लाइन मेट्रो रूट पर मुसाफिरों की संख्या बढ़ाने के लिए संचालन समय में बदलाव कर दिया है। अब स्टेशन पर मेट्रो पीक ऑवर में साढ़े सात मिनट पर मिलेगी। नई व्यवस्था सोमवार से लागू कर दी जाएगी। इससे प्रतिदिन करीब 20 हजार मुसाफिरों को मेट्रो सेवा का सीधा लाभ होगा।

बता दें कि पहले पीक ऑवर में मेट्रो का संचालन 10-10 मिनट पर किया जाता था, लेकिन नॉन पीक ऑवर में 15-15 मिनट पर मुसाफिरों को मेट्रो सेवा मिल रही थी। अब नॉन पीक ऑवर में भी मेट्रो 10-10 मिनट पर उपलब्ध होगी। ऐसे में प्रतिदिन 163 फेरे लगाने वाली एक्वा मेट्रो के अब 213 फेरे प्रतिदिन हो जाएंगे।

एक्वा लाइन मेट्रो का संचालन 26 जनवरी से किया गया। अनुमान था कि प्रतिदिन करीब 65 हजार मुसाफिर इसमें सफर करेंगे, लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा। 26 जनवरी से 28 मई तक कुल 16,38,052 मुसाफिर ने मेट्रो का सफर किया। औसतन प्रतिदिन 13,317 मुसाफिर रहे। इनकी संख्या में इजाफा करने के लिए एनएमआरसी ने पीक ऑवर सुबह 8 से 11 और शाम 5 से 8 बजे के बीच संचालन समय में बदलाव किया है।

अब तक 10-10 मिनट पर मिलने वाली मेट्रो का समय कम कर साढ़े सात मिनट कर दिया गया है। यानि की अब पीक ऑवर में सुबह और शाम को 13-13 मेट्रो की सेवा उपलब्ध रहेगी। पहले 10-10 मेट्रो मिला करती थी। यह व्यवस्था एनएमआरसी की ओर से सोमवार से लागू कर दी जाएगी। इसके बाद मुसाफिरों की संख्या में इजाफा होना तय माना जा रहा है।

दिल्ली से नहीं है कनेक्टिविटी : एनएमआरसी की एक्वा में मुसाफिरों की संख्या नहीं बढ़ने की वजह दिल्ली से इसकी कनेक्टिविटी का न होना है। इसलिए रूट पर मुसाफिरों की संख्या में इजाफा नहीं हो रहा है, ऐसे में अब बेहतर योजना तैयार कर अमलीजामा पहनाने का काम किया जा रहा है।

आपदा से निपटने के लिए तैयार है एनएमआरसी

जासं, ग्रेटर नोएडा : नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) के ग्रेटर नोएडा डियो के सभागार में आपदा प्रबंधन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने मेट्रो के कर्मचारियों व सुरक्षा बलों को आपदा के समय यात्रियों की सुरक्षा व राहत पहुंचाने के साथ उन्हें तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के तरीके बताए। एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक पीडी उपाध्याय ने बताया कि एनएमआरसी किसी भी तरह के संकट की स्थिति से निपटने में पूरी तरह से सक्षम है। एनएमआरसी के पास आपदा से निपटने के लिए आधुनिक स्तर के उपकरण हैं। कर्मचारियों को इसके लिए समय-समय पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेट्रो प्रणाली के रोलिंग स्टाक, इलेक्ट्रिकल और सिग्नल से संबंधित तकनीकी मुद्दों से निपटने के साथ आग, बम जैसी आपदा से निपटने के बाद तत्काल कैसे राहत पहुंचाई जाए। इस विषय पर शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डा. टीसी गुप्ता ने आपदा के समय या सफर के दौरान हृदयाघात की स्थिति तत्काल उपचार देने के लिए एक्यूप्रेशर विधि के बारे में समझाया। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में मरीज को हमेशा करवट लेकर लेटना चाहिए। इस मौके पर जीबीयू के कुलपति प्रोफेसर बीपी शर्मा, जिम्स के निदेशक ब्रिगेडियर डा. आरके गुप्ता, पीएसी की कमांडेंट कल्पना सक्सेना आदि मौजूद रहीं।

राष्ट्रीय अवकाश के दिन कम होगा किराया : एक्वा लाइन मेट्रो ने यात्रियों को लुभाने के लिए किराए के स्लैब में बदलाव की घोषणा की है। मौजूदा समय में न्यूनतम किराया दस रुपये व अधिकतम किराया 50 रुपये है। एनएमआरसी ने राष्ट्रीय अवकाश के दिनों (26 जनवरी, 15 अगस्त और 2 अक्टूबर) को किराए के स्लैब को कम कर न्यूनतम दस रुपये व अधिकतम 30 रुपये रखने का प्रस्ताव तैयार किया है। राष्ट्रीय अवकाश के दिनों स्मार्ट कार्ड धारकों को भी किराए में दस फीसद की छूट दी जाएगी।



पीक ऑवर में अब मेट्रो की सेवा साढ़े सात मिनट पर मिलेगी। पहले यह सेवा 10-10 मिनट पर मुसाफिरों को उपलब्ध थी। एक्वा लाइन पर मुसाफिरों की संख्या बढ़ोतरी के लिए निर्णय हुआ।
-पीडी उपाध्याय, कार्यकारी निदेशक, नोएडा प्राधिकरण